दिन– बुधवार दिनांक– 06 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन–तीन का उद्घाटन किया। ये भवन सेंट्रल विस्टा के व्यापक परिवर्तन का हिस्सा है। यह आगामी साझा केन्द्रीय सचिवालय भवनों में से पहला भवन है। इसका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और चुस्त–दुरुस्त करना है। इस अवसर पर श्री मोदी शाम को एक सभा को संबोधित करेंगे।

————————————————————————

भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने आज रेपो दर को पांच दशमलव पांच प्रतिशत पर यथावत बनाए रखने का फैसला किया है। इसके साथ ही, स्थायी जमा सुविधा दर पांच दशमलव दो–पांच प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा दर और बैंक दर पांच दशमलव सात–पांच प्रतिशत रहेगी। यह निर्णय फरवरी से अब तक की गई सौ आधार अंकों की कटौती के बाद लिया गया है।

————————————————————————

निर्वाचन आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के प्रथम चरण की समाप्ति के बाद एक अगस्त को जारी मतदाता सूची के प्रारूप पर दावा–आपत्ति ले रहा है। आयोग की विज्ञप्ति में कहा गया है कि आज सुबह नौ बजे तक प्रारूप सूची पर किसी भी राजनीतिक दल ने दावा–आपत्ति दर्ज नहीं करवाई है। वहीं, आम मतदाताओं की ओर से तीन हजार छह सौ उनसठ दावा–आपत्ति की गई है। उन्नीस हजार एक सौ छियासी लोगों ने नये मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन किया है।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल और जे.पी. गंगा पथ के बीच दस एकड़ भूमि में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद विहार गौरव उद्यान का शिलान्यास किया। **वेस्ट टू वंडर** थीम पर बनने वाले इस उद्यान के निर्माण पर लगभग पंद्रह करोड़ रुपये की लागत आयेगी। शिलान्यास के

अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और नगर विकास मंत्री जीवेश कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र और चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से आठ अगस्त से राज्य में बारिश की गतिविधियों में एक बार फिर तेजी आयेगी। इस दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इधर, आज राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कई जगह हल्की से मध्यम बारिश हुई है।

———————————————————————

प्रदेश से होकर गुजरने वाली अधिकतर नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी का सिलसिला जारी है। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर से लेकर भागलपुर तक खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। सोन नदी पटना के मनेर में और पुनपुन नदी श्रीपालपुर में खतरे निशान के ऊपर बनी हुई है। खगड़िया में बागमती, कोसी, बूढी गंडक और गंगा नदी लाल निशान से ऊपर बह रही है। वहीं, बागमती नदी का जलस्तर बेनीबाद में खतरे के निशान से ऊपर चला गया है। कोसी नदी खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान से ऊपर बनी हुई है।

———————————————————————

पटना के फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी रौशन शर्मा घायल हो गया है। उसकी निशानदेही पर पांच पिस्तौल, एक सौ कारतूस और एक लाख सड़सठ हजार रुपये बरामद किये गये हैं।

———————————————————————

सासाराम परिवहन कार्यालय में करोड़ों रुपये गबन का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में जिला परिवहन पदाधिकारी रामबाबू ने चार कर्मचारियों पर दो करोड़ बावन लाख रुपये गबन के आरोप में नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

———————————————————————

दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में एक व्यक्ति ने अपने दामाद की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि मृतक बीएससी, नर्सिंग का छात्र था और उसने कुछ दिनों पहले प्रेम विवाह किया था।

————————————————————————

भोजपुर जिले के गिधा थाना क्षेत्र अंतर्गत कायम नगर ओवर ब्रिज के पास पुलिस ने एक कार से भारी मात्रा में शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।